मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 06/09/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या -236/2024
6 सितंबर 2024
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
==================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज फेमिना मिस इंडिया झारखंड- 2024 की विजेता सुश्री रिया नंदिनी ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि फेमिना मिस इंडिया -2024 में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी। मुख्यमंत्री ने सुश्री रिया को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी एवं आगामी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की बेटियां हर मुकाम पर आगे बढ़े, इसमें राज्य सरकार पूरा सहयोग करेगी।

मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में सुश्री रिया नंदिनी के पिता श्री नवल किशोर प्रसाद, माता श्रीमती संगीता, भाई श्री ऋषि राज, शिक्षक श्री वसीम आलम और सामाजिक कार्यकर्ता श्री आशुतोष द्विवेदी मौजूद थे। ज्ञात हो कि रांची की रहनेवाली सुश्री रिया नंदनी कोलकाता में

आयोजित फेमिना मिस इंडिया झारखंड- 2024 चुनी गईं। वे अब मुंबई में फेमिना मिस इंडिया - 2024 के डायमंड जुबली एडिशन के ग्रैंड फिनाले में हिस्सा लेंगी।

###

================

Team PRD (CMO)